# प्रवासी भारतीयों के सहयोग से स्टार्ट अप प्रोत्साहन की शुरू होगी मुहिम

लखनऊ। प्रदेश सरकार प्रवासी भारतीयों से राज्य में स्टार्टअप ईको सिस्टम के निर्माण में सहयोग लेने का प्रयास करेगी। प्रदेश की स्टार्ट-अप नीति के तहत व्यवस्था है कि नोडल एजेंसी भारतीय प्रवासी विभाग तथा उच्चायोग व दूतावासों के साथ समन्वय कर यूपी के प्रवासियों तक पहुंचने और राज्य में स्टार्टअप ईको सिस्टम के निर्माण में योगदान के लिए प्रोत्साहित करने का काम करेगी। विशेष सचिव प्रवासी भारतीय विभाग डॉ. मुथुकुमारसामी बी. ने प्रबंध निदेशक उप्र. वित्तीय निगम ( एनआरआई सेल ) को निर्देश दिए हैं कि वह नॉलेज पार्टनर के साथ समन्वय कर इस संबंध में कार्यवाही करें। ब्यूरो